## एक नजर में

### कलेक्टर व एसपी ने पटाखा बाजार और पटाखा गोदाम का किया निरीक्षण





**खंडवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने गुरुवार को आनंद नगर स्थित आईटीआई के मैदान में लगाए गए पटाखा बाजार पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि दुकान की अग्नि से सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन अग्नि दुर्घटना रोकने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर रहा है। इसके बावजूद पटाखा दुकानदारों को भी अपनी दुकान की अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं रखना चाहिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटाखा बाजार मैदान में फायर ब्रिगेड तथा पर्याप्त मात्रा में रेत और अग्निशमन संबंधी सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने दो दुकानों के बीच में पर्याप्त स्थान खाली छोड़ने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटाखा बाजार में विद्युत की लूज फिटिंग के कारण कोई अग्नि दुर्घटना ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री राय ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो दुकानदार अग्नि से बचाव के लिए आवश्यक उपाय न करें उनकी दुकान बंद कराई जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री राय ने छैगांवदेवी स्थित आतिशबाजी के थोक विक्रेता के विक्रय स्थल और भंडारण केंद्र का भी निरीक्षण किया।

### केंद्रीय विद्यालय में वोकेशनल लैब का हुआ शुभारंभ



**खंडवा ।** केंद्रीय विद्यालय खंडवा में गुरुवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में नवनिर्मित वोकेशनल लैब का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पीएस. सोलंकी, आदर्श महाविद्यालय खंडवा के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार जैन, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थीगण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल्स को देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। वोकेशनल लैब में इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार ड्रोन स्टेशन, टॉय लाइब्रेरी, टूल स्टेशन, रोबोटिक स्टेशन सोल्डरिंग स्टेशन और इलेक्ट्रॉनिक हब का प्रदर्शन किया गया, जिसकी कलेक्टर श्री गुप्ता ने सराहना की।

### हरसूद में अल्पविराम कार्यशाला

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान एवं जन अभियान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से बुधवार को जनपद पंचायत सभागृह हरसूद में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत हरसूद के सीईओ जितेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि आनंद में रहना है तो अल्पविराम को अपनाना होगा। इसके पूर्व श्री ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर गणेश कानडे ने राज्य आनंद संस्थान के बारे में बताया। जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक ललित पवार ने अतिथियों का पौधा भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद मास्टर ट्रेनर प्रमेंद्र अटूट ने आनंद की ओर सत्र किया। कार्यशाला में प्रेरक वीडियो भी दिखाए गए।

### पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें

**खण्डवा।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा एन.एस.पी. पोर्टल ओपन कर दिया गया है। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग विभाग ने बताया कि कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थी इस पोर्टल के माध्यम से अपने छात्रवृत्ति सम्बंधी आवेदन कर सकते हैं।

### दादा मुनि के जन्मदिन पर सद्भावना मंच ने जयंती मनाई




**खंडवा।** खंडवा में जन्मे और देश भर में अपने स्वाभाविक अभिनय के कारण लोकप्रिय हुए सदाबहार अभिनेता अशोक कुमार उर्फ दादा मुनि के जन्मदिन पर सद्भावना मंच सदस्यों ने उन्हें याद किया। मंच के सदस्य कमल नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि माली कुआं स्थित मंच कार्यालय में सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि खंडवा के चमकते सितारे हरफन मौला किशोर कुमार की ही तरह उनके बड़े भाई अशोक कुमार ने भी खंडवा को देश भर में एक अलग पहचान दिलाई। उनके अभिनय का अंदाज सबसे अलग था, यही कारण है कि हिंदी फिल्म जगत में उनकी कमी आज भी अपूरणीय है तथा कोई भी अन्य अभिनेता उनका स्थान नहीं ले सकता। सद्भावना मंच उनकी जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

इस स्मरण सभा में सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, देवेंद्र जैन, सुरेन्द्र गीते, ज च चौरे, राधेश्याम शाक्य, गणेश भावसार, कमल नागपाल, सुभाष मीणा और कैलाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# दीवाली के बाजार में पैसों की 'खनक' का शोर कम सुनाई दे रहा!

नवभारत न्यूज

**खंडवा। इस बार दीपावली का त्यौहार कुछ खास रंग नहीं जमा पा रहा है। 4 दिन बाद त्यौहार होने के बावजूद बाजारों की रौनक केवल जरूरी सामानों पर टिकी हुई है।**

बड़े आइटमों की दुकानें उधार के समान से गुलजार हो रही हैं, इसके बावजूद लोग इनकी सीढ़ियां चढ़ने में संकोच कर रहे हैं।

### पटाखा व्यापारियों के करोड़ों फंसे

लोगों की जेब में पैसा नहीं के बराबर है। अधिकतर लोग मध्यमवर्गीय होते हैं, जो ऐसे त्योहारों पर दिल खोलकर खर्च करते हैं। पटाखा बाजार में व्यापारियों ने करोड़ों रुपए फंसा रखे हैं। ग्राहकी के इंतजार में वे भी परेशान नजर आ रहे हैं।

### कर्मचारियों की जेबें भी रीती

इस बार कर्मचारियों की जेब में भी पैसा नहीं है। किसानों के हालात खराब हैं। सोयाबीन की फसल लगभग बर्बाद हो गई है। कपास और मिर्ची को लगातार बरसात ने धो डाला है।

### व्यापारियों की निगाहें किसानों की 'मक्का' पर

खंडवा में तो बड़े हंगामें और किसानों के आक्रोश से प्रशासन व सरकार घबरा गए। बाद में यही मक्का डेढ़ हजार रुपए बिकी। मतलब व्यापारियों की मोनोपाली किसानों को इस बार दीपावली मनाने में नहीं मनाने देगी।

### इलेक्ट्रॉनिक और वाहन बाजार सजे

दिखावे के आइटमों से बाजार गुलजार हैं, लेकिन ग्राहकी नहीं हो पा रही है। यहां तक घरों को रंग रोगन वाले आइटम भी उसे अपेक्षा के साथ नहीं बिके, जैसे पेंट बाजार को उम्मीद थी। कुल मिलाकर त्योहार ही रौनक केवल औपचारिक जरूरतों में ही सिमट गई है। लोग सस्ते आइटम और सड़कों के किनारे मिलने वाले समान से ही संतुष्ट होंगे। इलेक्ट्रॉनिक और वाहन बाजार सजे हुए तो हैं, लेकिन इनमें केवल किस्तों वाले कुछ लोग ही हिम्मत करके पहुंच रहे हैं।

### किसान चिल्लाए तो, भाव हुए डबल

मक्का की फसल जिन्होंने किस्मत से बो दी थी। वह अच्छी हुई, तो भाव 2000 से उतारकर 900 रुपए पर आ गई। व्यापारियों की इस चाल से किसान परेशान दिख रहे हैं।

### सामान्य तबका किराना-कपड़े में सिमटा

ऐसी ही स्थिति सामान्य तबके के लोगों की है, जिनकी जेब में पैसा नहीं है। फिर भी वे किराना, कपड़े और रोशनी के समान एकत्रित कर रहे हैं। तेल, शक्कर और रवा, मैदा जैसी जरूरी चीज खरीद रहे हैं।



# जिला अस्पताल में 2 डी ईको कार्डियोग्राफी मशीन का दादागुरू और विधायक ने किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**खंडवा। नगर के मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में एक नई सौगात के रूप में 2 डी कार्डियोग्राफी (हार्ट की सोनोग्राफी) मशीन का शुभारंभ नर्मदा के वरद पुत्र संत दादा गुरु के शुभ हाथों से संपन्न हुआ। जिला अस्पताल पुरानी बिल्डिंग के 12 नंबर कक्ष में दादा गुरु एवं खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने मशीन का पूजन कर फिता काट कर किया।**



शुभारंभ अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन संजय दादू, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ओपी जुकतावत, सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल, डीएचओ कौशल मैडम, डॉक्टर रंणजीत बडोले, डॉक्टर सुनील बाजोलिया, डॉक्टर पंकज जैन, डॉक्टर शक्ति सिंह राठौड़, रोगी कल्याण समिति के सदस्य सतनाम सिंह होरा, पूर्व सदस्य सुनील जैन सहित अस्पताल के डॉक्टर गण उपस्थित थे।

समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की इको टेस्ट.2 डी कार्डियोग्राफी का हिंदी परीक्षण 2 डी इको या द्वि-आयामी इकोकार्डियोग्राम है। इस मशीन से हार्ट संबंधी बीमारियों का पता चल सकेगा यह एक गैर-आक्रामक इमेजिंग प्रक्रिया है जो हृदय की संरचना और कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करने के लिए अल्ट्रासाउंड तरंगों का उपयोग करती है। इसमें हृदय की चलती-फिरती छवियां बनती हैं, जिससे डॉक्टर दिल के वाल्व, रक्त प्रवाह और पंपिंग क्षमता जैसी चीज़ों की जांच कर सकते हैं। इस मशीन उद्देश्य यह हैं कि दिल की संरचना, वाल्व की कार्यप्रणाली, रक्त प्रवाह की गति और हृदय की मांसपेशियों के कामकाज का आकलन करने में मदद करता है।

लाभ: यह दर्द रहित होता है और हृदय की कई समस्याओं जैसे वाल्व से जुड़ी समस्याएँ, हृदय की मांसपेशियों की समस्याएँ और जन्मजात हृदय दोषों का पता लगाने में सहायक होता है।

शुभारंभ अवसर पर संत दादा गुरु एवं विधायक कंचन मुकेश तनवे मैं इस सौगात के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि दादाजी की नगरी में जिला अस्पताल में गरीब मरीजों को सभी प्रकार की सेवा उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था होना चाहिए। एक विशेषज्ञ डॉक्टर दीपशिखा इवने ने बताया कि इस मशीन की जांच बुधवार और शुक्रवार को जिला अस्पताल के पुराने बिल्डिंग के 12 नंबर कक्ष में होगी।

जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए इसका शुल्क 500 और आयुष्मान कार्ड धारी के लिए नि:शुल्क रहेगा इसकी जांच के पहले संबंधित जांच एक बीपी शुगर आदि की जांच करवाना जरूरी है।

# उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति निगम, मार्कफेड एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए तथा प्रयास किया जाए कि किसानों को बिना किसी परेशानी के उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक मिल जाए।

उन्होंने कहा कि आवश्यकता से अधिक उर्वरक खरीद कर कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध एफ. आई. आर. दर्ज कराई जाएगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण केंद्रों पर किसानों की लाइन लगवाने के स्थान पर उन्हें टोकन जारी किए जाएं, ताकि टोकन के आधार पर किसान अपने क्रम अनुसार आसानी से खाद प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि उर्वरक वितरण केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कृषि सहकारिता और राजस्व विभाग के अधिकारी नियमित रूप से करें। साथ ही सभी एसडीएम भी अपने-अपने क्षेत्र के उर्वरक वितरण केंद्रों और कृषि उपज मंडियों का नियमित रूप से दौरा करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि सभी उर्वरक वितरण केंद्रों और कृषि उपज मंडियों में पब्लिक अनाउंसिंग सिस्टम चालू स्थिति में रखे जाएं तथा उर्वरक वितरण केंद्र पर कितना उर्वरक उपलब्ध है, इस बात की जानकारी डिस्प्ले बोर्ड पर अंकित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उर्वरक वितरण केंद्र निर्धारित समय पर खोले जाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि डीएपी उर्वरक की उपलब्धता में पिछले दिनों में कमी देखी गई है। अत: इसके विकल्पों के रूप में कौन सा उर्वरक खरीदना चाहिए, इस बात के लिए किसानों को समझाईश दें और जागरूक करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋणी किसानों को सहकारी समितियों से तथा अऋणी किसानों को कैश काउंटर से उर्वरक मिलता रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान तथा खंडवा, पंधाना और हरसूद के एसडीएम भी मौजूद थे।

# पेंशनरों के हक पर 'दगा' दे रही केंद्र सरकार

नवभारत न्यूज

**खंडवा। सरकार के काम में अपनी जिंदगी खपाने वाले पेंशनर हक के लिए मोहताज हो रहे हैं। पेंशनरों के साथ अन्याय हो रहा है। अपने हिस्से का 74 प्रतिशत डी आर सरकार नहीं दे रही है।**




पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने सरकार से पेंशनरों के साथ भेदभाव एवं अन्याय बंद करने की अपील की है।

प्रदेश के पेंशनरों पर जनवरी 25 के स्थान पर सितंबर 25 से महंगाई प्रभावशील हुई है, इसका निर्धारण करने का सरकार को कोई अधिकार नहीं है। सरकार को प्रदेश के लाखों पेंशनरों को बताना चाहिए की अवधि का निर्धारण करने का अधिकार एवं मापदंड क्या है?

### केंद्र सरकार पेंशनरों का हिस्सा नहीं दे रही

मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की गलत व्याख्या कर पेंशनरों के हक मारे जा रहे हैं। 01नवंबर 2000 से पहले के पेंशनरों पर अधिनियम की अनुसूची- 6 लागू है किंतु यदि सरकार उत्तरवर्ती पेंशनरों पर भी लागू करती है तो अपने हिस्से का 74 प्रतिशत महंगाई राहत केंद्रीय तिथि से पेंशनरों को भुगतान करें।

खंडवा जिले के अध्यक्ष अरुण सोनी ने सरकार पर पेंशनरों के हक की राशि हड़पकर अन्य मदो में खर्च करने का आरोप लगाया है। सरकार में बैठे ब्यूरोक्रेट्स द्वारा पेंशनरों के साथ निर्दयतापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है।

### लामबंद हुए खंडवा के पेंशनर

एसोसिएशन खंडवा के जिलाध्यक्ष अरुण सोनी, सचिव श्री सुरेंद्र जैन, संयुक्त सचिव अनारसिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष डिग्रीलाल प्यासे, ललित कुमार सकवार, कोषाध्यक्ष, दीपक झंवर, कार्यकारिणी सदस्य अजीत यादन, शरद चौरे, सुनील चौरे उपमन्यु, अनिल अत्रे, अरविंद अत्रे नरेश राठौर एवं अन्य सभी पेंशनर ने सरकार द्वारा पेंशनरों को दी जा रही आर्थिक प्रताड़ना के लिए सरकार की भर्त्सना की है।

### पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक

**खंडवा।** पुलिस विभाग की जिले में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता दिखाई दे रही है। इसी के चलते गुरुवार दोपहर जिले के सभी पुलिस अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें खंडवा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय सहित जिले के सभी आला पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जहां त्योहारी सीजन को देखते हुए एक और तो ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर दिशा निर्देश दिए गए, तो वहीं दूसरी ओर पटाखा और सराफा बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को भी पुख्ता किए जाने को लेकर चर्चा की गई।

**बड़ी त्योहारी रौनक** ▶ छह दिवसीय उत्सव 18 से 23 अक्टूबर तक, दीपावली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी, मंदिर झिलमिलाएगा

# दीवाली के दिन महालक्ष्मी मंदिर में महाआरती, रात को कोशांबा पूजा

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। जिले का एकमात्र लाल चौकी स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में धन की देवी का छह दिवसीय पर्व का 18 से 23 अक्टूबर 2025 तक धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।**




मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल एवं मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय ने छह दिवसीय आयोजन के बारे में बताया कि 18 अक्टूबर शनिवार धनत्रयोदशी को प्रात: 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 10 बजे ध्वजा पूजन, 10 बजे विशेष पूजन, 12 बजे नैवेद्य आरती, शाम 6 बजे धनवतंरी पूजन सहित धन के देवता कुबेर का आव्हान, विशेष पूजन एवं 10 बजे शयन आरती होगी।

ट्रस्टी शैलेष पालीवाल ने बताया कि, 19 अक्टूबर 2024 रविवार रूप चौदस श्री हनुमान जयंती को प्रात: 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 9 बजे यम दीपदान, 12 बजे नैवेद्य आरती, विशेष पूजन रात्रि 8 बजे तथा 10 बजे शयन आरती होगी।

### दीपावली के दिन उमड़ेगी भीड़

20 अक्टूबर सोमवार दीपावली महापर्व मुख्य दिवस प्रात: 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 9 बजे यम दीपदान, 10 बजे विशेष पूजन कुमकुम अर्चन, 12 बजे नैवेद्य आरती, शाम 7 बजे विशेष कुबेर पूजन, रात्रि 8 बजे महालक्ष्मी की महाआरती तथा रात्रि 01.01 बजे महानिशा काल सिंह लग्न में दक्षिण भारतीय पद्धति द्वारा पं. बसंत महोदय द्वारा कोशांबा पूजन द्राक्षार्चन तर्पण मार्जन विशेष पूजन होगा।

### क्या है कोशांबा पूजन?

इस पूजन की महत्ता है कि इस महानिशा काल में माता लक्ष्मी को कोसा की साडी व विशेष श्रृंगार किया जाता है। यह साडी वर्ष में सिर्फ दीपावली के दिन रात्रि में ही माता लक्ष्मी को पहनाई जाती है। पूजन के दर्शन मात्र से मानव का कल्याण होता है। मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। यह पूजन रात्रि 3 बजे तक होता है। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाता है। 21 अक्टूबर मंगलवार अमावस को प्रात: 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 12 बजे नैवेद्य आरती, विशेष पूजन रात्रि 8 बजे तथा 10 बजे शयन आरती होगी।

### 22 अक्टूबर को विशेष आरती

22 अक्टूबर बुधवार प्रतिपदा को प्रात: 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 12 बजे नैवेद्य आरती, विशेष पूजन रात्रि 8 बजे तथा 10 बजे शयन आरती होगी।

### अन्नकूट पर 256 प्रकार का भोग

23 अक्टूबर गुरूवार भाईदूज एवं अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत मंदिर में 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, अन्नकूट महोत्सव अंतर्गत 256 प्रकार के नैवेद्य का भोग लगाकर 10 बजे से 12 बजे भोग के दर्शन एवं भोग आरती होगी। इसी दिन दोपहर 4 बजे से अन्नकूट प्रसादी वितरण (अन्नकूट भंडारा) सायं 7 बजे तक होगा। विशेष पूजन रात्रि 8 बजे, 10 बजे शयन आरती होगी।

### दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील

इस आयोजन हेतु ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें सर्वश्री संरक्षक लखनलाल नागौरी, मधुकांता खंडेलवाल, अखिलेश गुप्ता (इंजी.), अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, सचिव राकेश झंवर, उपाध्यक्ष गुरमीतसिंह उबेजा, डॉ. दिलीप हिंदूजा, कोषाध्यक्ष शैलेष पालीवाल, डॉ. राकेश शुक्ला, चंद्रशेखर मिश्रा, संतोष यादव, दीपक पालीवाल, राकेश पालीवाल, मंगलेश उपाध्याय, आनंद गुप्ता, अलकेश गुप्ता, आदि उपस्थित थे। खण्डवा की धर्मप्रेमी जनता छह दिवसीय पर्व में माता लक्ष्मी के दर्शन एवं अन्नकूट में आकर पुण्य लाभ लें।